संख्या-49/2025/337/23-6099/39/2025

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-6 लखनऊ दिनांक 31 जनवरी, 2025

विषयः- वित्तीय वर्ष 2024-2025 में राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रदेश के कतिपय क्षेत्रों के 14 सेतुओं के चालू निर्माण कार्य हेतु धनराशि का आवंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता, (31वां वृत्त सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र (निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार राज्य योजना (सामान्य) के अनुदान सं0-57/83 के अंतर्गत प्रदेश के कतिपय क्षेत्रों के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों के 14 सेतुओं के चालू निर्माण कार्यों हेतु निम्नानुसार रू0 1179.08 लाख (रूपये ग्यारह करोड़ उन्नासी लाख आठ हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0	मुख्य अभियन्ता (सेतु) का पत्रांक	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य	स्वीकृति का शासनादेश संख्या, दिनांक	स्वीकृत/ प्राविधिक/ बचत / बचत के उपरान्त लागत	अब तक आवंटन	वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटन		
							अनुदान सं0-57	अनुदान सं0-83	योग (8+9)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	11427/CE-SEB/RYB/BAS/2024-25 Dt- 19-12-2024	सेतु निगम सिद्धार्थनगर	जनपद सिद्धार्थनगर में विधानसभा कपिलवस्तु के वि0ख0 जोगिया के ग्राम सभा खेतवल के पास बूढ़ी राप्ती नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग, कनेक्टिंग रोड़, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति के निर्माण हेतु।	56/2024/132/001-132- 23-10099/4/2024-दिनांक-04-03-2024	3094.33 2801.57 Nil 2801.57	1961.10	551.84	148.55	700.39
2	11561/CE-SEB/RYB/ADY/2024-25 Dt- 27-12-2024	नि.ख. अमेठी	जनपद अमेठी में जायस मोहनगंज इन्हौंजा रूदौली मार्ग के किमी0-18 पर स्थित सकरे लघु सेतु के स्थान पर नये लघु सेतु के निर्माण कार्य।	167/2023/954/001-954-23-10-23-10099 -099-26-2023-दिनांक-19-09-2023	114.40 114.40 0.14 114.26	108.55	4.50	1.21	5.71
3	11562/CE-SEB/RYB/GKP/2024-25 Dt- 27-12-2024	नि.ख. कुशीनगर	जनपद कुशीनगर में गोरखपुर पिपराईच कप्तानगंज नौरंगिया मार्ग के किमी0-27 में मझने नाले पर पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त लघु सेतु के स्थान पर 3x6.00 मी0 स्पान के बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य।	192/2023/1137/23-10002/9/2023-दिनांक-04-10-2023	340.16 340.16 21.190 318.97	303.02	12.57	3.38	15.95

4	11563/CE-SEB/RYB/MBD/2024-25 Dt- 27-12-2024	सेतु निगम अमरोहा	जनपद ज्योतिबाफूले नगर (अमरोहा) के ब्लाक गजरौला से ग्राम चकनवाला व शीशोवाली के मध्य बाह नाले पर सेतु पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य।	50/2021/332/23-10-21-89(सेतु)/2020-दिनांक-23-03-2021	618.39 618.39 33.08 585.31	566.940	14.28	3.85	18.13
5	11662/CE-SEB/RYB/MBD/2024-25 Dt- 03-01-2025	प्रा.ख. बिजनौर	जनपद बिजनौर में पानीपत खटीमा मार्ग(राज्य मार्ग-12) के किमी0-163 में स्थित पुल के चैड़ीकरण कार्य।	206/2023/1250/23-10099(099)-10-2023-दिनांक-25-10-2023	66.59 66.59 3.450 63.14	59.98	2.49	0.67	3.16
6	11663/CE-SEB/RYB/VNS/2024-25 Dt- 03-01-2025	नि.ख.-2 जौनपुर	जनपद जौनपुर में सिरकोनी गुटवा मार्ग के सई के धनेजाघाट पर सई नदी पर सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य।	82/2020/633/23-10-20-75(सेतु)/2019 - दिनांक-31-07-2020	1745.6 1745.6 3.47 1742.13	1710.060	25.27	6.8	32.07
7	11769/CE-SEB/RYB/BAR/2024-25 Dt- 15-01-2025	प्रा.ख. पीलीभीत	जनपद पीलीभीत में गोमती उदगम स्थल पर आर.सी.सी. लघु सेतु, पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	50/2023/1449/23-10-22-12 (सेतु)/22 - दिनांक-07-02-2023	216.31 216.31 2.360 213.95	173.95	31.52	8.48	40.00
8	11781/CE-SEB/RYB/MRT/2024-25 Dt- 15-01-2025	सेतु निगम बुलन्दशहर	जनपद बुलन्दशहर के अन्तर्गत आवास विकास कालोनी अवन्ती नगर योजना(डी0एम0रोड) को काजीपुर धमेड़ा मार्ग से जोडने हेतु काली नदी पर सेतु पहुंच मार्ग, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण।	--दिनांक-05.08.2024	2383.43 2383.43 Nil 2383.43	2264.26	93.89	25.28	119.17
9	11868/CE - SEB/RYB/ADY/ 2024-25 Dt- 23-01-2025	प्रा.ख. बाराबंकी	जनपद बाराबंकी में विकास खण्ड हैदरगढ़ में बाराबंकी-हैदरगढ़-बछरावां मार्ग (एस0 एच0- 13) के किमी0- 143 में 3x3. 00x5.00 मी0 (बाक्स कल्वर्ट) लघु सेतु का निर्माण कार्य।	40/2024/91/23 - 10099/22/2023 -दिनांक-14-02-202 4	172.45 172.45 1.00 171.45	162.88	6.75	1.82	8.57
10	11868/CE-SEB/ RYB/ADY/ 2024-25 Dt- 23-01-2025	प्रा.ख. अम्बेडकरनगर	जनपद अम्बेडकरनगर में दोस्तपुर-अकबरपुर-जलालपुर-न्योरी मार्ग (प्र0 जि0मा0-155ई) के किमी0-29 में अनउवा नाला पर 4x6 मी0 आर0सी0सी0 बाक्स एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	192/2023/1137/23-10002/9/2023-दिनांक-04-10-202 3	265.83 265.83 4.350 261.48	248.41	10.3	2.77	13.07
11	11869/CE-SEB/RYB/VNS/ 2024-25 Dt- 23-01-2025	प्रा.ख. जौनपुर	जनपद जौनपुर में विधानसभा बदलापुर में ग्राम सरायच.डी (करनपुर) हरिजन बस्ती व असुवापार गुप्ता बस्ती, ब्राहमण बस्ती सुमेरी का पुरा के मध्य तमुरा नाले पर बाक्स कल्वर्ट पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	49/2023/1593/23-10-23-09(सेतु)/22-दिनांक-07-02-2023	136.86 136.86 1.58 135.28	9.07	94.11	25.34	119.45
12	11869/CE-SEB/RYB/VNS/2024-25 Dt- 23-01-2025	सेतु निगम जौनपुर	जनपद जौनपुर में गोमती नदी पर प्यारेपुर से अलीगंज बाजार के निकट कलीचाबाद पर सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य।	86/2021/405/23-10-21-91(सेतु)/2020-दिनांक-10-09-2021	2993.31 2993.31 Nil 2993.31	2780.19	49.94	13.45	63.39

13	11870/CE-SEB /RYB/ GON/2024 - 25 Dt- 23-01-2025	नि.ख. बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में पीलीभीत बस्ती मार्ग (राज्य मार्ग सं0-26) के किमी0-333 में स्थानीय नाला पर 2x5 मी0 आर0सी0सी0 बाक्स का निर्माण कार्य।	40/2024/91/23 - 10099/22/2023 -दिनांक-14-02-2024	174.9 174.9 0.35 174.55	150.00	19.34	5.21	24.55
14	11927/CE-SEB/RYB/ VNS/ 2024-25 Dt- 27-01-2025	नि.ख. जौनपुर	जनपद जौनपुर में कोढ़ा पहाड़पुर के मध्य कड़ैला नाले पर 3x4 मी. आर.सी.सी. बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य।	95/2019/1659/ 23-10-19-47(सेतु)/2019- दिनांक-27-12-2019	61.56 61.56 0.57 60.99	45.52	12.19	3.28	15.47
कुल योग							**928.99**	**250.09**	**1179.08**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

(3) उक्त सेतु के अंश, लोक निर्माण अंश में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष पृथक-पृथक वित्तीय प्रगति सहित वास्तविक भौतिक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक-04 मार्च 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) उक्त तालिका के स्तम्भ-5 में अंकित मूल स्वीकृति के शासनादेशों में उल्लिखित शर्ते व प्रतिबंध आदि यथावत लागू रहेंगी।

(6) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(7) यदि उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव व सूचनाओं में कोई विसंगति/त्रुटि पायी जाती है, तो इसके लिए मुख्यालय/निगम/क्षेत्र के संबंधित अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे। यदि पूर्व में इस कार्य के लिए धनराशि आवंटित की जा चुकी है या अधिक धनराशि आवंटित हुई है, तो सम्बन्धित खण्ड/मुख्य अभियन्ता की जिम्मेदारी होगी कि उक्त धनराशि को समपर्ण किया जाय। इसके अतिरिक्त मुख्यालय/निगम/ क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों द्वारा यदि किसी प्रस्ताव में कोई गलत सूचना देकर या छिपाकर अधिक धनराशि शासन से अवमुक्त करा ली जाती है अथवा व्यपगत धनराशि को चालू कार्य के रूप में स्वीकृत करा लिया जाता है, तो उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के साथ ही यथापेक्षित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित की जायेगी।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय (1) रुपये 9,28,99,000 (रुपये नौ करोड़ अट्ठाईस लाख निन्यानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 057 लेखा शीर्षक

5054041010421 कृषि विपणन सुविधा हेतु ग्रामीण सेतु निर्माण कार्य (चालू योजना) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रुपये 2,50,09,000 (रुपये दो करोड़ पचास लाख नौ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891400 कृषि विपरण सुविधाओं हेतु ग्रामीण सेतुओं का निर्माण (चालू कार्य) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनाँक- 04- मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शिव कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(2) महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
(3) संबंधित मण्डलायुक्त/संबंधित जिलाधिकारी ।
(4) संबंधित मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
(5) मुख्य अभियंता (सेतु), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ ।
(6) संबंधित कोषाधिकारी।
(7) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8।
(8) राज्य योजना आयोग अनुभाग-1/2 ।
(9) नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग ।
(10) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिव कुमार)
अनु सचिव।